## चित्रकूट का प्रसिद्ध 'गधा मेला': शाहरुख 70 हजार में बिका, सन्नी की बोली 1.05 लाख

सतना/चित्रकूट (धार्मिक नगरी)।



धार्मिक नगरी चित्रकूट में हर साल की तरह इस बार भी दीपावली के दूसरे दिन तीन दिवसीय 'गधा मेला' लगा। रामघाट के समीप लगे इस ऐतिहासिक मेले में उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश,राजस्थान,छत्तीसगढ़ और बिहार से बड़ी संख्या में व्यापारी गधों की खरीद-फरोख्त करने पहुंचे।

### फिल्मी सितारों के नाम वाले गधे आकर्षण का केंद्र

मेले में कई नस्ल के गधे बिक्री के लिए पहुंचे थे। खास बात यह है कि हर बार की तरह इस बार भी फिल्मी सितारों के नाम पर रखे गए गधे आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। मेले में गधों की अच्छी कीमत पर बिक्री हुई है।

### शाहरुख खान नाम का गधा 70 हजार रुपये में बिका

आकर्षण का केंद्र रहे सन्नी देओल नाम के गधे की बोली 1 लाख 50 हजार रुपये रखी गई थी,जो अंत में 1 लाख 5 हजार रुपये में बिका। व्यापारी गोविंद त्रिपाठी ने बताया कि सलमान खान गधे की बोली 90 हजार रुपये रखी गई है,लेकिन उसे अभी तक किसी व्यापारी ने खरीदा नहीं है।

### आधुनिकता के दौर में कम हुई रौनक

व्यापारी गोविंद त्रिपाठी ने बताया कि पहले की तरह अब इस मेले में रौनक नहीं रही। आधुनिकता के दौर में गधों का उपयोग न के बराबर हो गया है,जिसकी वजह से इस बार मेले में गधों की संख्या भी कम हुई है।गधा मेला व्यवस्थापक रमेश पांडेय ने भी इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि आधुनिक परिवेश में गधों का इस्तेमाल बेहद कम हो गया है,क्योंकि अब सामान ढोने का कार्य मशीनरी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले जहां लाखों की संख्या में गधे पहुंचते थे,वहीं अब यह संख्या हजारों तक ही सीमित हो चुकी है।

### 300 साल पुराना है मेले का इतिहास

गधा मेला व्यवस्थापक रमेश पांडेय के अनुसार, इस अनोखे मेले का इतिहास लगभग 300 साल पुराना और काफी रोचक है। उन्होंने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब अपने लाव-लश्कर के साथ चित्रकूट पहुंचा था। जब उसने मत्स्यगयेन्द्र नाथ स्वामी मन्दिर में आवाज लगाई और प्रति उत्तर नहीं मिला तो उसने सैनिकों को शिवलिंग को तोड़ देने का फरमान दिया। शिवलिंग को नष्ट करने के प्रयास में सैनिकों को उल्टी-दस्त होने लगे और साथ चल रहे गधों की मौत होने लगी। परेशान होकर औरंगजेब ने रामघाट पर धुनी रमाये बैठे बाबा बालक नाथ से उपाय पूछा। बाबा ने उसे भगवान मत्स्यगयेन्द्र नाथ से क्षमा मांगने को कहा। औरंगजेब के क्षमा मांगने के बाद बाबा बालक नाथ ने उसे भभूत दी,जिसे खाने से सैनिक स्वस्थ हो गए। हालांकि,सामान ढोने वाला एक भी गधा नहीं बचा था, इसलिए औरंगजेब ने मुनादी करवाई और घोड़ा-गधा ऊंचे दामों में खरीदने की बात कही। इसके बाद कई लोग चित्रकूट के रामघाट के पास वर्तमान गधा बाजार स्थल पर पहुंचे और अपने गधे बेचे। तभी से इस मेले का सिलसिला जारी है।

### तौलिये में हाथ छिपाकर होता है सौदा

गधा मेले में खरीद-फरोख्त का तरीका भी पुराना और अनूठा है। खरीदने और बेचने वाले दोनों ही तौलिया के अंदर हाथ छिपा कर लेनदेन पक्का करते हैं। प्रशासन भी इस मेले में साफ-सफाई,बिजली, पानी का इंतजाम और सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर व्यापारियों को सहयोग प्रदान करता है।

## चित्रकूट ट्रेजरी घोटाला: 43 करोड़ का 'महागबन', हिली वित्तीय अनुशासन की जड़ें; पूरे प्रदेश के कोषागारों पर मंडराया जांच का साया

सतना/चित्रकूट।

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट कर्वी स्थित कोषागार (ट्रेजरी) में पेंशन भुगतान के नाम पर नॉन बजटरी फंड में हुई करोड़ों रुपये की फर्जी एंट्री ने प्रदेश के वित्तीय अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में यह घोटाला 43.13 करोड़ रुपये के संदिग्ध भुगतान के दायरे में आ चुका है,जिसमें 2018 से सितंबर 2025 के बीच 93 पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स के खातों में अनधिकृत रूप से शासकीय धन आहरित किया गया। इस खुलासे के बाद शासन ने प्रदेश के सभी कोषागारों में विशेष जांच कराने का संकेत दिया है,क्योंकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह गड़बड़झाला सिर्फ चित्रकूट तक सीमित नहीं है।

### नॉन बजटरी भुगतान बना लूट का जरिया

कोषागार में दो तरह के भुगतान होते हैं,बजटरी और नॉन बजटरी। बजटरी भुगतान में मद और राशि स्पष्ट होती है,जबकि नॉन बजटरी फंड,विशेषकर पेंशन मामलों में,नियंत्रण अपेक्षाकृत ढीला होता है और यह पुराने अभिलेखों के आधार पर चलता है। सेवानिवृत्त वरिष्ठ कोषाधिकारी अवधेश यादव के अनुसार,यह प्रणाली 'भरोसे' पर आधारित है और एंट्री का कोई डिजिटल लॉक न होने के कारण कर्मचारी या पटल सहायक के नीयत बदलने पर रजिस्टर एंट्री में ही फर्जीवाड़ा संभव हो जाता है। चित्रकूट में इसी कमजोरी का फायदा उठाकर कर्मचारियों ने वर्षों तक फर्जी भुगतान दिखाया। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई गई तहरीर के मुताबिक,कार्यालय महालेखाकार के विशेष निरीक्षण दल द्वारा 6 से 10 अक्टूबर 2025 तक की गई जांच में 93 पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स को कुल 42,04,22,093 रुपये का अनियमित भुगतान पाया गया। रिकॉर्ड के मिलान में पता चला है कि 2018 से लेकर अब तक अधिकांश महीनों की प्रविष्टियां मेल नहीं खा रही हैं।

### ऑडिट टीम की भूमिका पर गंभीर प्रश्न

इस घोटाले ने लेखा परीक्षा (ऑडिट) प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। एजी ऑफिस की टीम ने वर्ष 2018 से अब तक सात बार कोषागार का ऑडिट किया,लेकिन वे बिना अभिलेखों की समुचित जांच किए ही लौट गईं।आरोप है कि पटल सहायकों ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए और ऑडिट टीम ने इसे रिपोर्ट में दर्ज करने की भी जहमत नहीं उठाई। घोटाले का खुलासा तब हुआ,जब हाल ही में आई स्पेशल ऑडिट टीम ने अभिलेखों की एंट्री को लाइन-बाय-लाइन जांचा।

### प्रदेशव्यापी जांच की तैयारी

वित्तीय अनियमितता की गंभीरता को देखते हुए, शासन ने तत्काल एडीएम (न्यायिक) अरुण कुमार की अध्यक्षता में एक आंतरिक जांच समिति गठित की है। समिति को 2018 से अब तक के सभी नॉन बजटरी भुगतान की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।एडीएम अरुण कुमार ने बताया कि कई प्रविष्टियां संदिग्ध मिली हैं और जरूरत पड़ने पर 2018 से पहले के रिकॉर्ड भी खंगाले जाएंगे। वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार,अब शासन सभी जिलों के कोषागारों से नॉन बजटरी भुगतान का डाटा तलब कर सकता है। राज्य में लगभग 75 कोषागार और 35 उप-कोषागार हैं,जहां यही 'भरोसे' पर आधारित प्रणाली लागू है। यदि जांच में चित्रकूट जैसा पैटर्न अन्य जिलों में भी सामने आता है,तो यह घोटाला सैकड़ों करोड़ रुपये के संभावित वित्तीय घोटाले में बदल सकता है,जो सरकारी खजाने में लगे 'सेंध' की भयावहता को उजागर करेगा। यह मामला स्पष्ट रूप से संकेत देता है कि वित्तीय नियंत्रण और लेखा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादी विपिन गर्ग ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करण सिंह और उसके साथियों ने घर के सामने आकर शराब पीने के लिए पैसे मांगे और पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच और पतासाजी के बाद आरोपी विशाल विश्वास उम्र 26 वर्ष,निवासी राजेन्द्र नगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

### मैहर में जुए के फड़ पर छापा,15 जुआड़ी गिरफ्तार

**मैहर।** त्योहारों के मद्देनजर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु थाना अमरपाटन पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसडीओपी अमरपाटन श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय परस्ते और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लालपुर के एक निर्माणाधीन मकान में दबिश दी। इस कार्रवाई में 15 जुआड़ियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 56,240 रुपये नगद,जिसकी कुल कीमत 2,06,240 रुपये है,जिसमें 1,50,000 रुपये कीमत के 13 एंड्रायड मोबाइल और ताश के पत्ते जब्त किए। पकड़े गए आरोपियों में अशोक पटेल, रोहित गुप्ता,मोह.अमीम,अश्वनी चौरसिया,शेख सद्दाम हुसैन सहित 15 लोग शामिल हैं। यह प्रभावी कार्रवाई अमरपाटन पुलिस की सराहनीय भूमिका को दर्शाती है।

### गुरुद्वारा नानक दरबार में अखंड पाठ की समाप्ति पर भव्य आयोजन

**सतना।** गुरुद्वारा नानक दरबार,सतना में विशेष धार्मिक अखंड पाठ की समाप्ति के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल को सरोपा और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने कहा,गुरु महाराज जी की कृपा से और आप सबके आशीर्वाद से मुझे सरोपा प्रदान हुआ। मैं गुरु महाराज जी का आभारी हूँ और आप सभी के आशीर्वाद के लिए धन्यवाद करता हूँ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु महाराज जी के चरणों में मत्था टेका।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार लजपाल सिंह भाटिया,प्रबंधक कमेटी उपाध्यक्ष सरदार कमलजीत सिंह सेठी,कमेटी के सदस्य सरदार आज्ञा सिंह बेदी,रवीन्द्र सिंह सेठी, पवन मालिक,मंची मालिक,संदीप जग्गी, प्रिंसी, बलविंदर सिंह मेंहदीरत्ता, जगदीप सिंह भाटिया राजू,परवनन्दा,जितेन्द्र अरोरा, प्रदीप अरोरा, रिकी सोनी, मालकिंदर सिंह सोई,राहुल गम्भीर, योगेश दासानी, जयदीप सिंह भाटिया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**कोठी रोड पर सनसनीखेज वारदात:**

## दीपावली से एक दिन पहले युवक को लाठी-डंडों से पीटा, सिविल लाइन क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल

सतना।

दीपावली के पावन पर्व से ठीक एक दिन पहले सिविल लाइन क्षेत्र के कोठी रोड पर एक सनसनीखेज वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आधी रात को पेट्रोल पंप के पास कुछ लोगों ने एक युवक की लाठी-डंडों से बेगम पिटाई की और उसे अधमरा करने के बाद उठाकर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार,यह घटना रात लगभग 11 से लेकर 12 बजे के बीच की है। बताया जाता है कि तीन-चार चार पहिया वाहनों में सवार होकर आए लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने युवक को बेरहमी से पीटा,जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। पिटाई के बाद, वे उसे जबरन अपने साथ उठाकर ले गए।हालांकि इस मामले की कोई आधिकारिक रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आई है,लेकिन इस तरह की दादागिरी सिविल लाइन जैसे पॉश इलाके में होना चिंताजनक है। उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में पिछले दिनों कट्टे से फायरिंग की घटना भी सामने आई थी,जिसके बाद कुछ आरोपियों को पकड़ा भी गया था। लगातार हो रही ये गंभीर आपराधिक घटनाएं यह साबित करती हैं कि बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। इस बर्बर पिटाई की घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस को तुरंत इस मामले को संज्ञान में लेकर युवक की तलाश करनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि क्षेत्र में आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें।

## एसपी की गाड़ी को ओवरटेक कर पटाखा फोड़ने वाली 'दहशत बुलेट' अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर

सतना।

जिले में पुलिस अधीक्षक की गाड़ी को ओवरटेक कर सरेराह पटाखा फोड़ने वाली घटना ने यातायात व्यवस्था और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।डबल साइलेंसर वाली जिस बुलेट मोटरसाइकिल ने यह दुस्साहस किया,वह घटना के कई दिन बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लग पाई है। इस बाइक के आखिरी के दो अंक 06 बताए जा रहे हैं,लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद यह 'दहशत बुलेट' अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है,जिससे शहर के नागरिकों में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।

इस महत्वपूर्ण मामले की गंभीरता को देखते हुए,अब यातायात पुलिस के साथ-साथ शहर के तीनों थानों की पुलिस भी उक्त बुलेट मोटरसाइकिल की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक खोजबीन शुरू कर दी है,लेकिन अपराधी अभी भी कानून की पहुंच से दूर है। गौर करने लायक बात यह है कि मुख्य अपराधी तक पहुंचने में विफल रही पुलिस ने अब तक आधा दर्जन से भी अधिक डबल साइलेंसर वाली बुलेट मोटरसाइकिलों को पकड़ा है। इन सभी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत आवश्यक जुर्माना लगाया गया है। जिनका उक्त घटना से कोई सीधा संबंध नहीं था।यह स्थिति दर्शाती है कि पुलिस मुख्य लक्ष्य से भटक कर केवल आँकड़े जुटाने में लगी हुई है।

### सालों से जारी है 'पटाखा आतंक'

यह पहली घटना नहीं है जब डबल साइलेंसर वाली बुलेट मोटरसाइकिल सवारों ने शहर में दहशत फैलाई हो। शहर में कई वर्षों से ऐसे युवा सक्रिय हैं जो मॉडिफाईड वाहनों से 'पटाखा फोड़ने' वाली आवाज निकालकर सड़कों पर आतंक का माहौल बनाते हैं। ये तेज और कर्णभेदी आवाजें न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाती हैं,बल्कि राहगीरों और खासकर बुजुर्गों व बच्चों में दहशत भी पैदा करती हैं। ये युवक चंद सेकंड के लिए यह करतूत करते हैं,दहशत फैलाते हैं और फिर पलक झपकते ही गायब हो जाते हैं।

### कानून को दे रहे शोहदे खुली चुनौती

एसपी की गाड़ी को ओवरटेक करके पटाखा फोड़ने की घटना को सीधे तौर पर कानून को खुली चुनौती माना जा रहा है। यदि पुलिस स्वयं के उच्चाधिकारी के वाहन के साथ हुए इस दुस्साहस के बाद भी आरोपी को पकड़ने में इतनी देर कर रही है,तो आम नागरिक की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठना लाजमी है। शहर के नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस जल्द से जल्द इस बुलेट सवार को गिरफ्तार करे और यह सुनिश्चित करे कि शहर में मॉडिफाईड साइलेंसर का उपयोग पूरी तरह बंद हो,ताकि 'पटाखा आतंक' से शहर को मुक्ति मिल सके। पुलिस की साख अब इस 'फरार बुलेट' के पकड़े जाने पर टिकी हुई है।

## गौशाला में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं: विधायक



**मैहर।** मैहर मां शारदा मंदिर प्रबंध समिति गौशाला में गोवर्धन पूजन एवं गौ पूजन का विधिवत आयोजन किया गया,जिसमें विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस शासकीय आयोजन से पहले,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने गौशाला की बदहाल स्थिति पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि गौशाला के नाम पर भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन से पर्याप्त बजट मिलने के बावजूद गौमाताओं की देखभाल,भोजन-पानी और सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत दयनीय है,जिससे निधियों के दुरुपयोग की आशंका प्रबल होती है। विधायक ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। विधायक की इस सख्त टिप्पणी का मौके पर मौजूद लोगों ने समर्थन किया।

## जल संसाधन विभाग की बड़ी लापरवाही! ग्रामीणों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, पटना बांध बहने से बचा

### 'हल्का सीपेज' नहीं, बांध में हो गया था 'सुरंग रूपी बड़ा होल'

सतना।



मझगवां जनपद पंचायत के पटना बांध (ग्राम पटना) में जल संसाधन विभाग की घोर लापरवाही उजागर हुई है। विभाग जहां बांध से हो रहे तेज बहाव को 'हल्का सीपेज' बता रहा था,वहीं अब एक वीडियो सामने आया है,जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि बांध की मेढ़ के नीचे एक सुरंग रूपी बड़ा छेद (होल) आर-पार हो गया था। इसी कारण देर रात से बांध से पानी का बहाव अत्यंत तेज हो रहा था। जैसे ही इस गंभीर स्थिति की जानकारी ग्रामीणों को मिली,लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण तुरंत बांध पर पहुंचे और मिट्टी तथा बोरियों की मदद से इस बहाव को रोकने का प्रयास किया। ग्रामीणों की इस त्वरित और सतर्क कार्रवाई से बांध का एक बड़ा हिस्सा टूटने से बच गया। जब जल संसाधन विभाग को सूचना मिली तो मौके पर विभाग के ईई (कार्यपालन यंत्री) पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से हो रहे काम को आगे बढ़ाते हुए पानी के बहाव को बंद करवाया। हालांकि,इसके बाद उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि यह केवल हल्का सीपेज था। लेकिन,सुरंग रूपी बड़े होल का वीडियो सामने आने के बाद जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन और उनके बयान पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय गांव वालों का स्पष्ट कहना है कि उन्होंने विभाग से कई बार शिकायत की थी,लेकिन लापरवाही के चलते आखिर बांध रिसने लगा और बड़ा छेद हो गया। गांव वालों की सतर्कता और सूझबूझ से आज एक बड़ा बांध बहने से बच गया,अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## श्रीमती मोलिया मिश्रा का 107 वर्ष की आयु में निधन



सतना।

ग्राम गोलहटा निवासी एवं क्षेत्र की वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय उदयनाथ मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती मोलिया मिश्रा का सायं लगभग 6 बजे उनके निवास स्थान पर निधन हो गया। वे लंबे समय से वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से ग्रसित थीं। स्वर्गीय श्रीमती मिश्रा,कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के विशेष आमंत्रित आमंत्रित सदस्य एवं वर्तमान प्रभारी विधानसभा सिरमौर रीवा के राजेन्द्र मिश्रा,देवेन्द्र मिश्रा,उप महाप्रबंधक प्रिज्म सीमेंट पूर्व सरपंच विष्णु मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा एवं रावेन्द्र मिश्रा की पूजनीय बड़ी माता थीं। श्रीमती मिश्रा अपने सौम्य स्वभाव, धार्मिक आस्था तथा संस्कारवान परिवार निर्माण में उनके योगदान के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवन में सदैव समाज सेवा और पारिवारिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनका निधन पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन की खबर से पूरे गाँव और आस-पास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। स्वर्गीय श्रीमती मोलिया मिश्रा अपने पीछे पुत्रों,पौत्रों,पौत्रवधुओं और परिजनों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम गोलहटा में बुधवार प्रातः 10 बजे किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय में महालक्ष्मी पूजन एवं सुख-समृद्धि की कामना



**सतना।** दीपावली के शुभ अवसर पर सतना स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ महालक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने विधि-विधान से माता लक्ष्मी का पूजन कर समस्त जनों के लिए सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी और जिला कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने बहीखाता पूजन भी संपन्न किया,जिसे पंडित शैलेन्द्र शास्त्री ने कराया।पूजन में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे,जिनमें जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता,विजय तिवारी,मुरारी सोनी,जिला महामंत्री रमाकांत गौतम,जिला मंत्री संजीव दुबेदी,जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू,महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मनीषा सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे। यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बना।

## 66 वें पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर देवीजी चौकी में शहीदों को श्रद्धांजलि



**मैहर।** 66वें पुलिस शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर देवी जी चौकी मैहर में पुलिस स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह ने पूर्व में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम का वाचन किया और शहीदों के परिवारों को संबोधित करते हुए उनकी शहादत को न भूलने का संकल्प लिया। पुलिस स्मृति परेड में शहीदों को सलामी दी गई और उनकी याद में एक मिनट का मौन रखा गया। पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों,जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीआईएसएफ के शहीद जवान स्वर्गीय शंकर प्रसाद पटेल की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी पटेल को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया।

**खबर संक्षेप**

## दीपोत्सव का आयोजन अब एक नवम्बर को

**पन्ना।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में स्थानीय धरम सागर तालाब घाट पर वृहद स्तरीय दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व में यह कार्यक्रम 5 नवम्बर को प्रस्तावित था, लेकिन अब दीपोत्सव कार्यक्रम एक नवम्बर को पूर्व निर्धारित स्थल पर होगा। इसमें जिला प्रशासन के सहयोग से दीपदान कार्यक्रम होगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों के माध्यम से रंगोली निर्माण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। घाट पर 11 हजार दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। बटुकों द्वारा आरती की जाएगी। इसके अलावा भगवान श्री रामचंद्र जी की रंगोली निर्माण सहित श्री रामचंद्र पर केन्द्रित भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी को दीपोत्सव कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं।

## चिकित्सकीय कार्य में लापरवाही पर बीएमओ के प्रभार से किया पृथक

**पन्ना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी द्वारा गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमानगंज में ग्राम डहरा निवासी अजय पाल सिंह के इलाज में लापरवाही बरतने पर संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा मामले का संज्ञान लेकर संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत चिकित्सकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष तिवारी को खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमानगंज के प्रभार से पृथक किया गया है। साथ ही प्राथमिक जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। इसके अलावा मृतक अजय पाल सिंह के परिजनों की शिकायत पर गाली गलौच और अभद्रता करने पर धारा 294 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

## स्थापना दिवस आयोजन के संबंध में बैठक 24 अक्टूबर को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार, 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय स्थापना दिवस के विविध कार्यक्रम एक से 3 नवम्बर तक होंगे। इस अवसर पर सर्वसंबंधित अधिकारियों से बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# दीपावली के दूसरे दिन पन्ना धाम में सजी दिवारी नृत्य की तीन सौ साल पुरानी परंपरा

ग्वाले भगवान श्री कृष्ण को अपना बालसखा मानते हैं और यहां उनके सानिध्य में पूरे भक्ति भाव के साथ नृत्य करते हैं।



**पन्ना।**

समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से ग्वालों की सैकड़ों टोलियां मंदिरों की पवित्र नगरी में दिवारी नृत्य करने आती हैं। ग्वाले भगवान श्री कृष्ण को अपना बालसखा मानते हैं और यहां उनके सानिध्य में पूरे भक्ति भाव के साथ नृत्य करते हैं।" श्रद्धा और आस्था के केंद्र पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर और श्री जुगल किशोर जी मंदिर में दीपावली के दूसरे दिन परीवा को दिवारी नृत्य की धूम रहती है। समूचे बुंदेलखंड से ग्वाले विशेष वेशभूषा व हाथों में मोर पंख लिए यहां पहुंचते हैं और मंदिरो में माथा टेककर दिवारी नृत्य करते हैं। पन्ना में दिवारी नृत्य की यह अनूठी परंपरा लगभग 300 वर्षों से चली आ रही है, जो आज भी उसी तरह जारी है। पन्ना शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों श्री राम जानकी, श्री बलदाऊ जी मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर व शक्तिपीठ बड़ी देवन मंदिर में जाकर वहां भी तरह-तरह के करतब दिखाते हुए ग्वाले दिवारी नृत्य करते हैं। यह अद्भुत नजारा देखने लोगों की भीड़ उमड़ती है।

### बुंदेलखंड क्षेत्र में आज भी जीवंत है दीवारी नृत्य की परंपरा

बताते हैं कि दिवारी नृत्य की यह अनूठी प्राचीन परंपरा यहाँ तीन सौ वर्षों से चली आ रही है। दीपावली के दूसरे दिन परीवा को यहाँ उत्तरप्रदेश के बाँदा जिले से बड़ी संख्या में ग्वालों की टोलियां आती हैं जबकि मध्यप्रदेश के छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़ आदि जिलों के ग्रामीण इलाकों से ग्वाले यहाँ आते हैं और मंदिरो में नृत्य कर अपने को धन्य समझते हैं। पन्ना सहित पड़ोसी जिलों के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों की संख्या में ग्वालों की टोलियां यहाँ रात्रि 12 बजे से ही पहुंचने लगती हैं। प्रथमा को सुबह 5 बजे से भगवान जुगल किशोर जी के दरबार में माथा टेकने के साथ ही दिवारी नृत्य का सिलसिला शुरू हो जाता है जो पूरे दिन चलता है।

### हाथों में मोर पंख और रंग-बिरंगी पोशाक ने मोहा मन

सुबह से ही हाथों में मोर पंख लिए तथा रंग बिरंगी पोशाक पहने ग्वालों की टोलियों का जुगल किशोर जी, प्राणनाथ जी, बलदाऊ जी, श्रीराम जानकी आदि मंदिरों में आने का सिलसिला शुरू हो गया था। ग्वाले पूरे भक्ति भाव के साथ भगवान की नयनाभिराम छवि के दर्शन करने के उपरांत पूरी मस्ती के साथ नगड़िया, ढोलक और मजीरों की धुन में दिवारी नृत्य व रोमांचकारी लाठी बाजी का प्रदर्शन करते हैं, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां खिंचे चले आते हैं।

### भगवान श्री कृष्ण को बताते हैं अपना सखा

परीवा को पन्ना के श्री जुगल किशोर जी ने भी ग्वाले का वेष धारण किया। इस वेष के दर्शन सिर्फ इसी दिन होते हैं। दिवारी नृत्य का प्रदर्शन करने वाले पूरे अधिकार के साथ भगवान श्री कृष्ण को अपना बाल सखा मानते हैं। इसी आत्मीय भाव को लेकर ग्वाले तपोभूमि पन्ना में आकर मंदिरों में माथा टेकते हैं तो उनमें असीम ऊर्जा का संचार हो जाता है। इसी भाव दशा में ग्वाले सुध बुध खोकर जब दिवारी नृत्य करते हैं तो उन्हें इस बात की अनुभूति होती है मानो बालसखा कृष्ण स्वयं उनके साथ दिवारी नृत्य कर रहे हैं।

### अंचल में प्रसिद्ध है ग्वाल बाल का दिवारी नृत्य

समूचे बुन्देलखण्ड अंचल में कार्तिक कृष्ण अमावस्या से प्रथमा को ग्वाल बाल दिवारी नृत्य करते हैं और विभिन्न प्रकार के करतब भी दिखाते हैं, जो दीपावली के अवसर पर गांव-गांव में होता है। दिवारी नृत्य की टोलियों में शामिल ग्वालों को मौनी कहा जाता है।



### विभिन्न प्रांतो से श्रद्धालु भी हुए शामिल

मौनियों की टोली जब पूरी मस्ती में दिवारी नृत्य करती है तो दर्शकों के पांव भी थिरकने लगते हैं। यह दृश्य पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में देखने को मिला जब मौनियों की टोली पूरे जोश के साथ नृत्य कर रही थी तो वहां उपस्थित देश के विभिन्न प्रांतो से आए श्रद्धालु सुंदरसाथ भी उनके साथ नृत्य करते हुए नजर आए। दीपावली के दूसरे दिन पन्ना शहर में दिवारी नृत्य की धूम देखते ही बनती है। समूचा शहर नगडियों, ढोलक व मजीरों की विशेष धुन से गुंजायमान रहता है। दिवारी नृत्य करने वाली ग्वालों की टोलियों में शामिल मौनी अपने विशेष वेशभूषा में नृत्य करते हैं। वे सिर पर मोर पंख व कमर में घुंघरूओं का पट्टा बांधते हैं, मोर पंख का पूरा एक गठ्ठा मौनी अपने हांथ में भी थामे रहते हैं तथा इसी गठ्ठर को उछालकर नृत्य करते हैं।

# इलाज के अभाव में मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में मचाया हंगामा, जमकर की नारेबाजी

**देर रात मौके पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा जिला अधिकारी,**

**जिला कलेक्टर के आदेश पर तत्काल हुई कार्यवाही,**

**चिकित्सक को बीएमओ पद से पृथक करते हुए प्राथमिक दर्ज, जॉच के आदेश जारी**







**अमानगंज।** पन्ना जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था को लेकर बीती रात उस वक्त हंगामा हो गया। जब एक 55 वर्षीय पुरुष इलाज के अभाव में जिंदगी को अलविदा कह गया। इस घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में चिकित्सक को हटाए जाने की मांग रखी। यह मामला उस वक्त तूल पकड़ गया, जब भाजपा मंडल महेबा के महामंत्री सुजय सिंह परमार द्वारा चिकित्सक से ईलाज की बार- बार माँग की और वह मौके पर नहीं पहुंचे और फरियादी सुजय और चिकित्सक के बीच विवाद खड़ा हो गया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के ग्राम डहर्रा निवासी 55 वर्षीय अजयपाल पिता गोविंद सिंह परमार को गंभीर हालत में अमानगंज अस्पताल इलाज हेतु ले जाया गया लेकिन इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाएं मौके पर न होने के कारण मृतक के परिजन उन्हें डॉ आशीष तिवारी के बंगले पर इलाज के लिए ले गए, जहां बार बार फरियाद करने पर भी चिकित्सक मौके पर बाहर नहीं निकले और अजय पाल की मौत हो गई। इस बात का भारी दुख परिजनों को पहुंचा और आक्रोशित परिजन भारी संख्या में एकत्र होकर डॉ के बंगले के सामने नारेबाजी करते हुए उसे हटाए जाने की मांग करने लगे। इस बात की खबर जैसे ही पार्टी कार्यकर्ताओं को लगी तो स्थानीय और क्षेत्रीय पार्टी कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और जमकर नारेबाजी करते देखे गए। घटना की सूचना तत्काल ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना और जिला कलेक्टर पन्ना को देने के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा एवं क्षेत्रीय सांसद बी डी शर्मा की ओर देते हुए तत्काल मामले में कार्यवाही की मांग रखी। जिला कलेक्टर के आदेश पर तत्काल ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी देर रात अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और स्थित का जायजा लिया। सुबह चिकित्सक को खंड चिकित्सा अधिकारी के पद से पृथक करते हुए जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में चिकित्सक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जॉच के आदेश भी जारी कर दिए। अमानगंज पुलिस थाना में चिकित्सक के विरुद्ध धारा 294 के तहत मामला दर्ज किया गया और एक जॉच टीम की ओर मामले की जांच सौंपी गई।

### अमानगंज बीएमओ का प्रभार हटाया


कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर मरीज के इलाज में लापरवाही बरतने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज के चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी बीएमओ डॉ. आशीष तिवारी को बीएमओ के प्रभार से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस मामले में प्राथमिक जांच के आदेश भी दिए गए हैं। नायब तहसीलदार हेमंत कुमार अवधिया ने बताया कि मृतक अजयपाल सिंह के परिजनों की शिकायत पर चिकित्सक के विरुद्ध गाली गलौज और अभद्रता करने पर धारा 294 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

### इनका कहना है -

घटना के विषय में जब डॉ आशीष तिवारी से संपर्क किया तो उनका कहना था कि मृतक अजयपाल सिंह परमार को मेरे पास जब लाया गया तो मैने उन्हें चौक किया और उस समय उनकी मौत हो चुकी थी और जैसे ही यह जानकारी मैने परिजनों को दी तो वह आक्रोशित हो गए और मेरे ऊपर उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया।

# श्रेष्ठ कर्मों का बही खाता बनाएं, लक्ष्मी जी के साथ लक्ष्मी जी के दिव्य गुणों का आव्हान करें: ब्रह्माकुमारी

**मन का आत्मदीप जलाएं जीवन में लाये नवीनता ब्रह्माकुमारी**



**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दीपावली का पर्व बड़े ही उमंग उत्साह एवं आध्यात्मिक रीति से मनाया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहां की दीपावली केवल बाहर की रोशनी का त्यौहार नहीं बल्कि आत्मा की भीतर के अंधकार को हटाकर प्रकाश जगाने का पर्व है यह पर्व हमें स्मरण दिलाता है कि जैसे एक दीपक हजारों दीपों को जलाने की क्षमता रखता है वैसे ही एक जागृत आत्मा संसार में नई चेतना फैल सकती है। मिट्टी के शरीर में पवित्र आत्मा का यह दिया जब हम जलाते हैं तो अहंकार, अभिमान का अंधकार खत्म हो जाता है, दिया जलाना अर्थात किसी को कुछ दिया सम्मान दिया, आत्मिक स्नेह, सहयोग आदि, आगे आपने कहा घर की सफाई के साथ-साथ हम अपने मन की भी सफाई करें पुरानी बातें दबी पड़ी है गलत संस्कारों की धूल चढ़ी है अपमान के दाग लगी हुई है अब जिनकी जरूरत नहीं है तो आप उनको घर के साथ-साथ मन के कोने-कोने की सफाई भी करना है। दीपावली पर पुराने वही खाते को नया बनाते हैं ऐसे ही जीवन के कर्मों के इस व्यापार में हमें देखना है कि हम कर्मों के व्यापार में नुकसान में तो नहीं जा रहे हैं दुआएं कमाकर श्रेष्ठ कर्मों का वही खाता खोलना है इसी तरह अपने कर्मों को सुधारते हुए जीवन को श्रेष्ठ दिशा देनी है दीपावली पर शुभ,लाभ लिखने की भी रसम है लाभ तभी होगा जब हम लाभ का उल्टा करें भला अर्थात सर्वे का भला शुभ सोचना शुभ कर्म करना, सभी ने दिया जलाकर सभी की आत्म ज्योति जगाने का संकल्प किया।

# बालाजी सरकार मंदिर में 56 भोग का प्रसाद लगाकर मनाया गया अन्नकूट पर्व

**गोवर्धन पूजा के विशेष अवसर पर होता आयोजन**



**अमानगंज।** हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक गोवर्धन पूजा अन्नकूट पर्व गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पन्ना जिले के अमानगंज नगर मे स्थित श्रीश्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में मंदिर समिति ने पूर्ण उत्साह के साथ मनाया मंदिर पुजारी सहित समिति द्वारा भगवान बालाजी सरकार के प्रसाद हेतु छप्पन भोग मंदिर में बनाकर भगवान को प्रसाद अर्पण करने के साथ ही भक्तों के बीच बांटा गया इसके पहले वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान विष्णु जी और शिवजी की पूजा अर्चना वैदिक मंत्र उच्चारण विधि के साथ की गई और भगवान से सभी के कुशल जीवन की कामना की गई। इस विषय पर मंदिर पुजारी द्वारा इस पर्व की विशेषता और महत्वता पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्री कृष्णा की लीला का भी वर्णन किया गया।

# ज्वाला देवी मंदिर प्रांगण में दिवारी नृत्य का प्रदर्शन

**क्षेत्र में आज भी जिंदा है यह प्राचीन लोक नृत्य**

**ग्वाले का रूप बनाकर, सिर पर मोर पंख धारण कर झूमते दिखे जवान**

**अमानगंज।** आज के समय देखा जाए तो लोगों की रुचि अपने पुराने राई नाच, फागें, दिवारी आदी लोकनृत्यों से हटती जा रही है तो वही आज भी अमानगंज क्षेत्र के ग्राम गहदरा,कूड़न, मरहा, मझोली,बलगहा,पाठा, सिरी सहित अनेको ऐसे आदिवासी ग्राम है जिनमें यह प्राचीन परंपरा बरकरार है और दीपावली के शुभ अवसर पर यहां के लोग भगवान श्रीकृष्ण को स्मरण करके ग्वाले का रूप बनाते हैं और सिर पर मोर पंख एवं श्वेत वस्त्र धारण कर कमर पर बंसी खोंसकर झूला, मजीरा ढोलक नगाड़ों की धुन पर झूमते नाचते अपने गांव से आसपास के गांवों में निकलते हैं उन्हीं की टोली आज अमानगंज नगर के मां ज्वाला देवी मंदिर प्रांगण पहुंची और उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र के प्राचीन लोक नृत्य दिवारी की अनेकों प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए अनेको लोग इकट्ठे हो गए और इनका यह लोकनृत्य घण्टों चलता रहा और दर्शक टकटकी लगाए देखते रहे।

### आखिर क्या है दिवारी नृत्य और कैसे मनाया जाता है

बुन्देलखण्ड की मिट्टी में अभी भी पुरातन परम्पराओं की महक रची बसी है। बुन्देलखण्ड की दिवारी समूचे देश में अनूठी है।



इसमें गोवंश की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्द्धन, पालन के संकल्प का इस दिन कठिन ब्रत लिया जाता है। पौराणिक किवदंतियों से जुड़ी धार्मिक पवरम्पराओं के परिवेश में पूरे बुन्देलखण्ड में दीमालिका पर्व पर दीवारी गायन-नृत्य और मौन चराने की अनूठी परंपरा देखती ही बनती है। यहां दीवाली के मौके पर मौन चराने वाले ष्मौनियाष ही सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र होते हैं। मौन चराने वाले मौनियों के अनुसार द्वापर युग से प्रचलित इस परम्परा के अनुसार विपत्तियों को दूर करने के लिए ग्वाले मौन चराने का कठिन व्रत रखते हैं। यह मौन व्रत बारह वर्ष तक रखना पड़ता है। तेरहवें वर्ष में मथुरा व वृंदावन जाकर मौन चराना पड़ता है, वहां यमुना नदी के तट पर बसे विश्राम घाट में पूजन का व्रत तोड़ना पड़ता है। शुरुआत में पांच मोर पंख लेने पड़ते हैं प्रतिवर्ष पांच-पांच पंख जुड़ते रहते हैं। इस प्रकार उनके मुट्ठे में बारह वर्ष में साठ मोर पंखों का जोड़ इकट्ठा हो जाता है। परम्परा के अनुसार मौन चराने वाले लोग दीपावली के दिन यमुना घाट में स्नान करते हैं। कुछ लोग यमुना-बेतबा के संगम स्थल में स्नान करने टेन से जाते हैं फिर विधि पूर्वक पूजन कर पूरे नगर में ढोल नगाड़ों की थाप पर दीवारी गाते, नृत्ये करते हुए उछलते-घूमते हुए अपने गंतव्य को जाते हैं। इस दिन मौनिया श्वेत धोती ही पहनते हैं और मोर पंख के साथ-साथ बांसुरी भी लिए रहते हैं। मौनिया बारह वर्षो तक मांस व शराब आदि का सेवन नहीं करते हैं। मौनियों का एक गुरु होता है जो इन्हें अनुशासन में रखता है। मौनिया व्रत की शुरुआत सुबह गौ (बछिया) पूजन से होती है। इसके बाद वे गौ-माता व श्रीकृष्ण भगवान का जयकारा लगाकर मौन धारण कर लेते हैं फिर गोधूलि बेला में गायों को चराते हुए वापस नगर-गांव पहुंचते हैं। यहाँ विपरीत दिशा से आ रहे गांव/नगर के ही मौनियों के दूसरे समूह से भेंट करते हैं और फिर सभी को लाई-दाना व गरी बतासा-गट्टा का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं को वितरित करते हैं। कई क्षेत्रों में मौनिया व्रत की शुरुआत गौ-क्रीड़ा से करते हैं गौ-क्रीड़ा में गाय को रंग और वस्रों से सजाकर एक बड़े पैमाने के घर में सुअर से लड़ाया जाता है। इसके बाद दिन भर मौन चारने के बाद शाम को गायों को लेकर सभी मौनिया गांव पहुंचते हैं और सामूहिक रुप से व्रत तोड़ते हैं। प्रकाश-पर्व में ही दीवारी गाने और दीवारी नृत्य की अपनी अनूठी परंपरा है। दीवारी गाने व खेलने वालों में मुख्यतः अहीर, गड़रिया, आरख केवट आदि जातियों के युवक ज्यादा रुचि रखते हैं। प्रमुख रुप से गाई जाने वाली दीवारी मेंरू- ष्बाबा नंद के छौनाश तुमने भली डराई रीति, कातिक के महीना मां घर-घर दीन सूचना, व देश दीवारी दो दिना, मथुरा बारह मास, नित राही गोवर्धन धरे, कान्हा खिलावें गायश, आदि उल्लेखनीय हैं। दूसरे दिन दीवारी गाने वाले सैकड़ों ग्वाले लोग गांव नगर के संभ्रांत लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर कड़ुवा तेल पियाई चमचमाती मजबूत लाठियों से दीवारी खेलते हैं।

# ग्राम बड़वारा में उल्टी-दस्त की शिकायत पर त्वरित स्वास्थ्य कार्यवाही





**देवेंद्र नगर पन्ना**

स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्राम बड़वारा में उल्टी दस्त पर नियंत्रण ग्राम बड़वारा में कुछ नागरिकों में उल्टी एवं दस्त की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन द्वारा तत्काल ग्राम का निरीक्षण किया गया भ्रमण के दौरान जो मरीज गंभीर स्थिति में पाए गए उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के लिए तुरंत रेफर किया गयास्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष स्वास्थ्य टीम का गठन किया गया है जिसमें सुपरवाइज़रकम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (CHO)एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता शामिल हैं यह टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर रही है तथा प्राथमिक उपचार घर पर ही उपलब्ध करवा रही है गंभीर मरीजों को तुरंत उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा हेतु रेफर किया जा रहा हैअब तक लगभग 17 मरीजों का उपचार मौके पर ही किया गया है जबकि 5 गंभीर मरीजों को देवेंद्र नगर रेफर किया गया है स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्यवाही के चलते किसी भी प्रकार की आकस्मिक घटनाको सफलतापूर्वक रोका गया हैमुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन द्वारा सभी ग्रामवासियों को सलाह दी गई है कि वे बाजार की मिठाइयों का सेवन न करें तथा केवल उबला हुआ पानी ही पीएं जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सकेस्वास्थ्य विभाग 24 घंटे स्थिति पर निगरानी बनाए हुए है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी संभावित आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके वहां पर आज भ्रमण के दौरान कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर डॉक्टर सुरेंद्र गोस्वामी राजेश जैन सुपरवाइजर ललितेश्वरी एएनएम विजय नामदेव आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे



## खबर संक्षेप

### मोटे के महावीर मंदिर में भंडारे को लेकर विवाद तेज

**छतरपुर।** मोटे के महावीर मंदिर में हर मंगलवार को वर्षों से चल रहे भक्ति और सेवा के आयोजन पर इस बार विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर में महाआरती और भंडारे का आयोजन करने वाले हिंदू जोड़ो संगठन ने मंदिर समिति पर गुंडागर्दी और मनमानी के आरोप लगाए हैं। संगठन के सदस्यों ने बताया कि मंदिर में हर मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। साथ ही भंडारे का प्रसाद लेकर हनुमान टोरिया, वृद्धाश्रम, खड़े हनुमान मंदिर और जिला अस्पताल में गरीबों तक पहुँचाया जाता है। इस धार्मिक और सेवा कार्य से समाज में हिंदुत्व और एकता का संदेश प्रसारित हो रहा था। लेकिन अब मंदिर समिति द्वारा भंडारे में अड़ंगा डालने के आरोप सामने आए हैं। संगठन का कहना है कि पहले समिति ने मंदिर परिसर में भंडारा बनाने पर आपत्ति जताई, यह कहते हुए कि गंदगी होती है। इसके बाद संगठन ने मंदिर के बाहर भंडारा बनाना शुरू कर दिया, परंतु केवल बर्तन रखने के लिए मंदिर परिसर में जगह देने का अनुरोध किया। कुछ समय तक यह व्यवस्था चलती रही, लेकिन अब समिति ने बर्तन रखने के स्थान पर ताले लगाकर रोक लगा दी है। इससे नाराज हिंदू जोड़ो संगठन ने कहा मंदिर सभी श्रद्धालुओं का है। हम धर्म और सेवा के लिए काम कर रहे हैं, राजनीति के लिए नहीं। संगठन ने मंदिर समिति की मनमानी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### ईशानगर में स्वाति की रंगोली में श्रीराम-सीता-लक्ष्मण की आकृति बनी आकर्षण का केंद्र



**ईशानगर।** दीपावली के अवसर पर ईशानगर में स्वाति गुप्ता द्वारा अपने घर में बनाई गई रंगोली लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। इस रंगोली में भगवान श्रीराम, माता सीता और भगवान लक्ष्मण की सुंदर आकृतियाँ बनाई गईं, जो पारंपरिक भारतीय कला और धार्मिक उत्सव का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही थीं। स्वाति गुप्ता ने बताया कि यह रंगोली केवल सजावटी कलाकृति नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। रंगोली में राम, लक्ष्मण और सीता को दर्शाना रामायण की कहानी को जीवंत करने का एक तरीका है, जिससे घर में पवित्रता और सकारात्मकता का माहौल बनता है। इसके अलावा, रंगोली के साथ उन्होंने गोवर्धन भगवान की प्रतिमा भी बनाई, जिसने नगरवासियों का ध्यान अपनी ओर खींचा और चर्चा का विषय बनी। स्वाति की इस कलात्मक पहल ने दीपावली पर्व की सुंदरता और धार्मिक महत्व में चार चाँद लगा दिए।

### दीपावली पर सीमा से लौटे जवानों का हुआ सम्मान, शहीदों की याद में गूंजा सुंदरकांड



**छतरपुर।** दीपावली का पर्व इस बार छतरपुर के हनुमान टोरिया पर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। यहां हर मंगलवार की तरह इस बार भी सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का आयोजन हुआ, लेकिन यह आयोजन विशेष रूप से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों और शहीदों की स्मृति को समर्पित रहा। आयोजनकर्ता राधेश्याम सोनी ने बताया कि दीपावली पर जब कुछ जवान अपने परिवारों से मिलने घर लौटे, तो उनके सम्मान में यह विशेष कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम भक्ति से ओत-प्रोत संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंच से वीर जवानों के सम्मान में भजन गूंजते रहे और पूरा माहौल देशभक्ति से भर गया। कार्यक्रम के दौरान सीमा से लौटे जवानों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं।

## दो कारें, 20 बाइक और महिला-बच्ची को मारी टक्कर, लोगों ने पीटा

# अस्पताल में शराबी ड्राइवर ने मचाई तबाही

**मंगलवार देर रात जिला अस्पताल परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक शराबी ड्राइवर ने अस्पताल में खड़ी दो कारों, करीब 20 बाइकों और एक महिला-बच्ची को टक्कर मार दी।**

छतरपुर।



घटना के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी ड्राइवर की जमकर पिटाई की, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में ले लिया और कोतवाली थाने पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निजी स्कूल वैन (एमपी 16 टी 2066) का चालक इकराम देर रात अस्पताल परिसर में शराब पी रहा था। नशे में धुत होकर उसने वैन स्टार्ट की और तेज रफ्तार से गेट की ओर बढ़ने लगा। वैन पहले ब्लड बैंक के पास खड़ी कारों से टकराई, इसके बाद एक स्कूटी को टक्कर मारी जिस पर एक महिला और बच्ची बैठी थीं। दोनों को हल्की चोटें आईं।

ड्राइवर यहीं नहीं रुका उसने वैन को पार्किंग की ओर मोड़ते हुए करीब 20 बाइकों को रौंद डाला। जब अस्पताल गार्ड अरविंद सिंह ने रोकने की कोशिश की तो ड्राइवर ने उस पर भी वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। गार्ड किसी तरह बचकर भागा, जबकि वैन अस्पताल गेट पर जाकर रुक गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान अस्पताल चौकी पुलिस ने भीड़ से आरोपी को छुड़ाकर पुलिस के हवाले किया।

जानकारी के अनुसार, आरोपी ड्राइवर इकराम इस वैन का उपयोग स्कूल के बाद शव वाहन के रूप में करता है। उस पर मरीजों और ब्लड की दलाली करने के भी आरोप हैं। बताया गया है कि वह अस्पताल में आए दिन नशा पार्टी भी आयोजित करता है। हादसे में क्षतिग्रस्त वाहनों के मालिकों ने नुकसान की भरपाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जिला अस्पताल परिसर में दलालों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा आम हो गया है। कई बार प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद स्थायी सुधार नहीं हुआ। गार्ड अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपी को अस्पताल चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना का वीडियो भी पुलिस को सौंपा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## सुंदर काण्ड सम्मेलन से यात्रा का दिया न्यौता, नौजवान घर-घर देंगे पीले चावल

नौगांव।

विगत रोज ईशानगर रोड पर स्थित सफेद हनुमान मंदिर में युवाओं ने बागेश्वर धाम सुंदरकाण्ड मंडल की केन्द्रीय समिति के नेतृत्व में सुंदरकाण्ड सम्मेलन आयोजित किया। इस आयोजन के माध्यम से आगामी माह में दिल्ली से वृंदावन तक चलने वाली बागेश्वर धाम सरकार की पदयात्रा में शामिल होने का आग्रह किया गया। आयोजन सदस्यों ने कहा कि एक-दो दिन में नगर के हर वार्ड में पीले चावल देकर लोगों को यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक सफेद हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ किया गया। सुंदरकाण्ड मंडल के सदस्य परमानंद पाण्डेय, आयुष पाण्डेय, अंकुर बबेले और अनुपम बबेले की टीम ने यह दिव्य आयोजन कराया। छतरपुर से बागेश्वर धाम सुंदरकाण्ड मंडल की केन्द्रीय टीम के सुंदरलाल रैकवार, ओमप्रकाश तिवारी, धीरज शर्मा पहुंचे और उन्होंने बागेश्वर धाम पीठाधीश पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। नौगांव के अशोक तिवारी ने युवाओं से कहा कि वे अक्षत लेकर हर वार्ड में जाएं और लोगों को आमंत्रित करें। इस अवसर पर आशीष खरे, दयाशंकर चतुर्वेदी, कमल अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भैंस चोरी और हमला मामले में ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर दी शिकायत

छतरपुर।



मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम परा में भैंस चोरी और मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। पीड़ित अरविन्द्र यादव के अनुसार 18 अक्टूबर 25 को उनके दादा तुलसीदास यादव खेत में नौ भैंसें चरवा रहे थे तभी ग्राम रसुईया ठाकुरन के तेज सिंह परमार और उसके पुत्र प्रिंस परमार ने भैंसों को हांकना शुरू किया। जब अरविन्द्र यादव ने हस्तक्षेप किया, तो आरोपियों ने गालियां देते हुए उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उनके गले में पहना सोने का लोकेट भी छीन लिया गया। चोटिल अरविन्द्र को परिवार के अन्य सदस्य बचाकर अस्पताल ले गए।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाना मातगुवां में पुलिस ने केवल मारपीट का मामला दर्ज किया, जबकि भैंस चोरी और लूट की धाराओं को एफआईआर में शामिल नहीं किया गया साथ ही आरोपियों की ओर से रिपोर्ट वापस लेने की धमकियां भी मिल रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी पहले भी बकरियों, जेवरात और मोटर चोरी जैसी घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। बुधवार को पीड़ित परिवार और ग्रामीण यादव समाज के बैनर तले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष देशज सिंह यादव और प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने मांग की कि आरोपियों के खिलाफ भैंस चोरी, लूट, धमकी और जानलेवा हमला जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। चोरी गई सात भैंसों की बरामदगी जल्द से जल्द कराई जाए।

## क्षेत्रीय सांसद के प्रयास से बुन्देलखण्ड को मिली वंदे भारत ट्रेन की सौगात


# पर्यटक क्षेत्रों तक जाने में होगी सुगमता, बढ़ेगा पर्यटन व्यवसाय

खजुराहो।

प्रकाश पर्व दीवाली यूं तो खुशहाली का पर्व है लेकिन इस खुशहाली में उस समय और चार चांद लग गए जब रेल मंत्री ने क्षेत्रीय सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के मांग पत्र पर खजुराहो से वाराणसी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की स्वीकृति दी। मतंगेश्वर भोलेनाथ की नगरी खजुराहो से विश्वनाथ की नगरी वाराणसी को जोड़ने वाली यह ट्रेन पर्यटन के लिए मील का पत्थर साबित होगी। लोगों को भी पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों तक जाने में सुगमता होगी। जिले की जनता ने वीडी शर्मा का धन्यवाद दिया है वहीं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया ने सांसद और केन्द्रीय मंत्री सहित प्रधानमंत्री का आभार जताया है।

### खजुराहो से 3.20 बजे और बनारस से सुबह साढ़े 5 बजे चलेगी ट्रेन

वंदे भारत एक्सप्रेस की जारी समय सारणी के अनुसार बनारस से यह ट्रेन सुबह 5.25 बजे खजुराहो के लिए निकलेगी जबकि खजुराहो से यह ट्रेन दोपहर 3.20 बजे बनारस के लिए रवाना होगी। समय सारणी के मुताबिक खजुराहो से दोपहर 3:20 बजे रवाना होकर ट्रेन महोबा और बांदा होते हुए शाम 6:13 बजे चित्रकूट धाम पहुंचेगी। इसके बाद यह प्रयागराज छिवकी और विंध्याचल से गुजरते हुए रात 11 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, ट्रेन वाराणसी से सुबह 5:25 बजे प्रस्थान करेगी- यह 6:10 बजे ब्लॉक हाट, 6:55 बजे विंध्याचल, 8 बजे प्रयागराज छिवकी, 10:05 बजे चित्रकूट धाम, 11:08 बजे बांदा, 12:08 बजे महोबा से होकर गुजरेगी और दोपहर 1:10 बजे खजुराहो पहुंचेगी। यह टाइमिंग विशेष रूप से बुंदेलखंड के यात्रियों के लिए अनुकूल है, जो दिन में निकलकर शाम तक महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंच सकेंगे। चित्रकूट और प्रयागराज जैसे पवित्र स्थलों पर रुकने से तीर्थयात्रियों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। इस ट्रेन से कुल यात्रा अवधि मात्र 7-8 घंटे रहेगी, जो पहले की तुलना में कई गुना कम है।



### सुपरफास्ट रेल सेवा से होगा पर्यटन और आस्था का संगम

राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने खजुराहो से बनारस तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाए जाने से खुशी जाहिर करते हुए सांसद वीडी शर्मा और रेल मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के चलने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि धार्मिक स्थलों का आवागमन सुगम होगा। बुन्देलखण्ड को चित्रकूट की वजह से पवित्र तपस्थली माना जाता है। इस ट्रेन के चलने से मतंगेश्वर भगवान की नगरी खजुराहो से लेकर चित्रकूट और बनारस को जोड़ा गया है। यह ट्रेन पर्यटन के साथ-साथ आस्था के संगम के लिए जानी जाएगी।

### बिजावर विधायक ने पीएम, रेलमंत्री और सांसद की जताई कृतज्ञता

दीवाली के अवसर पर बुन्देलखण्ड को मिली इस सौगात से लोगों में हर्ष व्याप्त है। बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से पर्यटन व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई ऊंचाईयां मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार बुन्देलखण्ड के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के तहत खजुराहो से वाराणसी तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाना शामिल है। विधायक बबलू शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ही खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सांसद श्री शर्मा अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## हरपालपुर नगर परिषद के सीएमओ की दबंगई उजागर

### भाजपा नेता के घर के अंदर फिंकवाया कचरा

**हरपालपुर।** नगर परिषद हरपालपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र सिंह पर तानाशाही और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश राय ने आरोप लगाया है कि दीपावली से पहले नगर परिषद के अमले ने सीएमओ के निर्देश पर उनके घर के बाहर रखा कचरा घर के अंदर फेंक दिया। महेश राय ने कहा कि जब मेरे साथ ऐसा किया जा सकता है तो आम जनता का क्या हाल होता होगा, यह सोचकर ही डर लगता है। प्रशासन अब सेवा नहीं, बदले की भाषा बोल रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फुटेज में नगर परिषद के कर्मचारी भाजपा नेता के घर में कचरा डालते हुए साफ नजर आ रहे हैं। इस घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि अधिकारी जनता की सेवा करने के बजाय अपनी कुर्सी का रौब झाड़ रहे हैं। दीपावली जैसे पावन त्योहार पर हुई इस हरकत ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सीएमओ पर मनमानी, पक्षपात और धमकाने के आरोप लग चुके हैं, लेकिन उच्च अधिकारी अब तक मौन बने हुए हैं। शहर में अब यही चर्चा है कि अगर भाजपा नेता के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है, तो आम नागरिकों की आवाज कौन सुनेगा?





## माता महालक्ष्मी को लगा अन्नकूट प्रसाद, हुई भव्य महाआरती

**छतरपुर।** सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ महालक्ष्मी मंदिर में दीप पर्व दीपावली उपरांत बुधवार को दोपहर 12 बजे अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर माता महालक्ष्मी का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया तथा भारी तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाआरती की। अन्नकूट प्रसाद में श्रद्धालुओं ने अपनी इच्छानुसार पकवान, फल, फूल, मेवा, मिष्ठान्न आदि सामग्री माता को भेंट की। अन्नकूट प्रसाद लगने के बाद दोपहर ठीक 12 बजे महाआरती हुई। अग्रसेन सेवा आश्रम पब्लिक ट्रस्ट, नगर अग्रवाल समाज, अग्रसेन महिला विकास समिति और अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा संयोजित इस धार्मिक आयोजन में अग्रवाल समाज के साथ ही विभिन्न वर्गों के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। माता महालक्ष्मी को छप्पन भोग का प्रसाद लगने के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।इसके पहले दीपावली के पावन पर्व पर मध्य रात्रि माता महालक्ष्मी का पूजन होने के उपरांत श्रीश्री सूक्त का अखंड पाठ एवं श्रीयंत्र सिद्धीकरण अनुष्ठान प्रारंभ हुआ जो अगले दिन तक चलता रहा। तत्पश्चात हवन पूजन किया गया।

## आयुरग्राम में भगवान धनवंतरी एवं आदिनाथ जी की चित्रकला का हुआ अनावरण

खजुराहो।

पर्यटन क्षेत्र में रनेह जलप्रपात मार्ग स्थित आयुर्वेदिक केंद्र आयुरग्राम में भगवान धन्वंतरि एवं जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी की भव्य चित्रकला का अनावरण किया गया। यह आयोजन मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के तत्वावधान में पंडित सुधीर शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। केंद्र में आयुर्वेदिक उपचारों और ध्यान योग की सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो पर्यटकों को भारतीय संस्कृति और स्वास्थ्य का अनुभव प्रदान कर रही हैं।

अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खजुराहो ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं यू फस्र्ट टूर्स के संचालक हरीश लावनिया उपस्थित रहे, जो स्वर्गीय भगवान सिंह लावनिया के सुपुत्र हैं। उन्होंने केंद्र का निरीक्षण किया तथा केरल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा संचालित शिरोधारा, अभ्यंग, पंचकर्म और अन्य आयुर्वेदिक उपचारों की कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन किया। पंडित सुधीर शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 अध्यात्म के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका कुल योग 9 बनता है, जो समापन, परिवर्तन, आध्यात्मिक पूर्णता और सामुदायिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धनतेरस एवं धन्वंतरि दिवस शनिवार को पड़े, जो भगवान हनुमान जी को समर्पित माना जाता है, तथा दीपावली मंगलवार तक रही। ताकि यह वर्ष अध्यात्म, ऊर्जा और दिव्य शक्ति के उत्कर्ष का प्रतीक बने। केंद्र आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य आचार्य श्री प्रणम्य सागर जी महाराज की प्रेरणा से अर्हम ध्यान योग भी प्रदान करता है, जहां प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और पारंपरिक विधियों से रोगों का उपचार किया जाता है। अनावरण के दौरान आयुरग्राम के प्रतिनिधि श्री कृष्णा प्रसाद ने अतिथियों को औषधीय पौधों, जड़ी-बूटियों और उनके उपयोगों की विस्तृत जानकारी दी। श्री हरीश लावनिया ने कहा कि यह केंद्र खजुराहो के पर्यटन और स्वास्थ्य को नई पहचान देगा, जहां देशी-विदेशी पर्यटक आयुर्वेद, ध्यान और योग के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गहराई अनुभव करेंगे। आयोजन में गुजरात से आए गणेश भाई, अमेरिका के दिनेश योगी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने आयुर्वेदिक पौधों के संरक्षण और जागरूकता के लिए सामूहिक संकल्प लिया तथा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा रचित संक्षिप्त हनुमान चालीसा का पाठ किया।



## खबर संक्षेप

### गौशाला में विधायक ने किया गौवर्धन पूजा

मऊगंज मध्य प्रदेश के जहां प्रदेश सरकार के द्वारा दिशा निर्देश के आधार पर प्रदेश भर में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया उसी के तहत मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत भुअरी के गौशाला में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल रहे।साथ मे सरपंच आराधना कोल भी शामिल रही। कार्यक्रम में गोवर्धन पूजा एवं उपस्थित नागरिकों से गौग्रास कार्यक्रम, गौशाला में कार्यरत गौसेवकों का सम्मान किया गया गोमय वं पंचगव्य से उत्पादों पर संगोष्ठी वक्तव्य आयोजित किया गया वहीं कार्यक्रम में जहां गौशाला में साफ सफाई सहज सज्जाद एवं लाइटिंग की व्यवस्था से सुचारू रूप से की गई थी।गौशाला की साफ सफाई रंगाई पुताई लाइटिंग प्रदर्शनी सहित अन्य व्यवस्था की गई थी। जहां गोवर्धन पूजा के दौरान जहां कार्यक्रम के नोडल अधिकारी साधना सोनी एवीएफओ सहायक नोडल अधिकारी पटवारी अभय सिंह, सचिव काशी तिवारी, सचिव संदीप तिवारी सरपंच प्रतिनिधि शिवप्रसाद कोल सहित रोजगार सहायक संजीव द्विवेदी साथ में भाजपा नेता वीरेंद्र द्विवेदी संतोष तिवारी( मिसिरगवा) ,लवलेश मिश्रा, रामबाबू गुप्ता,डॉ रामानंद पटेल रोहित पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्राम पंचायत के संबंधित नागरिक एवं गणमन्य लोग मौजूद रहे।

### लाड़ली बहनों को भाईदूज पर विशेष आर्थिक सहायता मिलेगी

रीवा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत लाभार्थी महिलाओं को चालू अक्टूबर माह में दीपावली पर्व के भाईदूज पर 250 रूपये की विशेष आर्थिक सहायता राशि उनके खातों में अंतरित की जायेगी। यह राशि 23 अक्टूबर को लाड़ली बहनों के खातों में भेजी जायेगी।

### दिवंगत सैनिक को उप मुख्यमंत्री ने दी श्रृद्धांजलि



रीवा । जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत गहिलवार ग्राम के निवासी विनय कुमार द्विवेदी का गत दिवस सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया। द्विवेदी भारतीय सेना में कार्यरत थे तथा छुट्टियों में अपने गृहग्राम आए थे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दिवंगत सैनिक के गृहग्राम जाकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश की सेवा में समर्पित ऐसे युवा सैनिक की क्षति अपूरणीय है। दिवंगत सैनिक का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता व पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने भी श्रृद्धांजलि अर्पित की।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

रीवा । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से आयोजित किया गया है। समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न विषयों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, रासायनिक खाद और बीज का वितरण, नलजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति, नवीन राशनकार्ड जारी करना एवं कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना में मजदूरों के पंजीयन शामिल हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता योजना से राशि न मिलने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति के वितरण तथा सरकार के विभिन्न पोर्टलों के उपयोग में हो रही असुविधा से संबंधित आवेदन पत्र शामिल रहेंगे। एजेण्डा बिन्दु में नगरीय क्षेत्र में सड़कों, गलियों, नालियों और सीवरेज की साफ-सफाई, मच्छरों के रोकथाम तथा सफाईकर्मियों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहेंगी।

### किसान एनपीके और एसएसपी खाद का उपयोग करें - उप संचालक

रीवा । उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जिले के किसानों से आगामी फसल की बोनी के लिये एनपीके तथा एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) खाद का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद भण्डारित है। डीएपी खाद भी लगभग सभी समितियों में उपलब्ध है। डीएपी खाद की आपूर्ति नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। डीएपी खाद उपलब्ध न होने पर उसके विकल्प के रूप में किसान एनपीके मिश्रण तथा सिंगल सुपर फास्फेट खाद का उपयोग करें।

## उल्लास और परंपरा के साथ मनाया गया दीपावली का पर्व

# दीपों की रोशनी से नहाया रीवा







**हर गली-मोहल्ला दीपों से जगमगाया मां लक्ष्मी और गणेश की विधिवत पूजा, बच्चों और युवाओं ने रंग-बिरंगी पटाखों से मनाया जश्न, धरती से आसमान तक दिखी रौनक**

रीवा।

अंधकार पर प्रकाश की विजय और खुशियों का प्रतीक दीपावली का पर्व सोमवार को शहर के साथ ही पूरे जिले में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली, जहां लोगों ने मिठाई, दीप, सजावटी सामान और पटाखों की जमकर खरीदारी की।

शाम होते ही घर-आंगन दीपों की रोशनी से जगमगा उठे और लोगों ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दिवाली की रात बच्चों और युवाओं ने रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान को नहला दिया। वहीं, महिलाओं ने रंगोली और दीपों से धरी को सजाया। मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और देर रात तक पटाखों की गूंज रही। रीवा शहर इस मौके पर रोशनी की चादर में लिपटा नजर आया, जहां हर गली, हर मोहल्ले में दीपों की लौ से उजाला फैला और हर चेहरे पर दीपावली की खुशी इस्लकती रही। शहर के मोहल्लों से लेकर बाजार तक, ऑफिसों से लेकर चौक-चौराहों तक हर ओर रोशनी और उल्लास का माहौल रहा। लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरण कर त्योहार की खुशियां बांटी। रातभर तेज पटाखों के शोर से पूरा शहर गूंजता रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी परंपरागत दिवाली की धूम रही। इस बार अमावस्या दो दिन होने के कारण दिवाली का मुहूर्त दो दिनों तक रहा। कई दिनों से दीपावली पर्व को लेकर लोग तैयारी कर रहे थे। दीपावली के दिन भी लोगों की तैयारी जारी रही। धरती से लेकर आकाश तक आतिशबाजी का शोर और रौनक देखने को मिली। फुलझड़ी, अनार, चकरी, रॉकेट के साथ ही तरह-तरह के पटाखे लोगों ने चलाए।मिठाई और फूल-माला के लिए लोग रहे परेशानपूजन के लिए फूल-माला और मिठाई आदि की खरीदारी को लेकर दुकानों में दिनभर भीड़ रही। जिसके चलते लोगों को पसीना छूट गया। फूल मंडी से लेकर सड़कों पर जगह-जगह फूल-माला की दुकानें लगी रहीं। इस बाद फूल और माला काफी महंगे रहे। कमल के फूल की काफी डिमांड रही मिठाई की दुकानों में लोगों को काफी इंतजार करना पड़ा। दोपहर के बाद तो ज्यादातर जगह लोगों को पसंद की मिठाई नहीं मिली।पटाखा बाजार में सत तक पहुंचे स्वरीदारमॉडल स्कूल में सजे पटाखा बाजार में रात तक खरीदार पहुंचे। पटाखा व्यापारियों ने बताया कि रात लगभग 12 बजे वे फुर्सत हुए। व्यापारियों की मानें तो इस बार व्यवसाय उम्मीद से ज्यादा अच्छा रहा है। जानकारी के अनुसार रीवा में पांच करोड़ से ज्यादा के पटाखों का व्यवसाय हुआ है।प्रदूषण बोर्ड ने की सेपलिंगशहरवासियों की जागरुकता इस वर्ष कुछ हद तक काम आई। पर्यावरण बचाव की दिशा में इस दीपावली शहरी लोगों ने एनजीटी के नियमों का पालन करने का पूरा प्रयास भी किया है। हालांकि प्रदूषण के आंकड़े सामान्य दिनों की अपेक्षा कई जगहों पर कुछ बड़े मिले हैं, लेकिन इन्हें भयानक नहीं माना जा सका है। सामान्य से थोड़ा प्रदूषण के आंकड़ों में इजाफा देखा गया है। व्यवसायिक क्षेत्र में पीएम 10 की मात्रा मानक से बढ़ी मिली है तो सामान्य दिनोंकी अपेक्षा सभी रहवासी क्षेत्र में डीबीए में ध्वनि प्रदूषण की मात्रा अधिक मिली है। बोर्ड का दावा है कि लोग जागरूक हुए हैं। इस वर्ष मानक आंकड़ों से मध्यम में ही प्रदूषण का ग्राफ बड़ा है। दीपावली के पूर्व प्रदूषण बोर्ड के वैज्ञानिकों ने प्रदूषण के स्तर को शहर के विभित्र क्षेत्रों में मापा था। दीपावली के दिन भी प्रदूषण के स्तर को मापा गया। विभाग ने प्रदूषण का आकलन किया तो अनुमानित रिपोर्ट में प्रदूषण का स्तर बढ़ा मिला है। बताया गया कि पिछले वर्ष इस वर्ष 4 प्रतिशत एक्यूआई अधिक मिला है। इस वर्ष एक्यूआई 130 प्रतिशत शहर का रहा। वैज्ञानिकों की माने तो पिछले वर्ष प्रदूषण का स्तर एक्यूआई 148 प्रतिशत था जो 18 प्रतिशत इस वर्ष कम रहा।भाईदूज का पर्व आजकार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस बार 23 अक्टूबर को आज भाई दूज का पर्व जिलेभर में मनाया जाएगा। बहनें अपने भाई के माथे पर टीका लगाकर उनकी दीर्घ आयु की कामना करेंगी। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक होता है। धनतेरस से शुरू हुआ छह दिनो दीपोत्सव का समापन होगा।

# किसान और गौवंश की उन्नति से ही प्रदेश व देश समृद्धशाली होगा - उप मुख्यमंत्री





**डिप्टी सीएम ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार व लक्ष्मणबाग में किया गोवर्धन एवं गौपूजन**

रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसानों और गौवंश की उन्नति से ही प्रदेश व देश समृद्धशाली होगा। गोवर्धन पूजा व गौपूजन हमारी सनातन संस्कृति है जो प्रकृति से जुड़े रहने की सीख देती है। उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग गौशाला व बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित गोवर्धन पूजा व गौपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश के संरक्षण से किसान समृद्धशाली होंगे। भगवान कृष्ण ने भी गोकुल व गौ की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत धारण किया था। हमारा देश किसानों व गौवंश का देश है। इनकी समृद्धि से ही वास्तविक समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री जी के दुग्ध उत्पादन में दोगुने वृद्धि के संकल्प को पूरा करने के लिए गौवंश संरक्षण व गौपालकों को अतिरिक्त अनुदान राशि दी जा रही है। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास जारी हैं। गौवंश के उत्पाद से बनने वाली वस्तुओं को बाजार उपलब्धता के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन व गौपूजन से हमारे संस्कृति व संस्कारों से आने वाली पीढ़ी पूरी तरह से परचित होगी। त्यौहारों के आयोजन में प्रशासन की भागीदारी से आने वाली पीढ़ी जागरूक होगी और हम अपनी संस्कृति को अक्षुण्य रखने में सफल होंगे। उप मुख्यमंत्री ने गौपूजन कर गायों को भोजन खिलाया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।




### रीवा एयरपोर्ट विन्ध्य क्षेत्र के विकास को दिशा देने का माध्यम है - उप मुख्यमंत्री

रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गत दिवस रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने एयरपोर्ट के अधिकारियों, कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामना दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट में 72 सीटर विमान का शीघ्र ही रीवा से इंदौर व रीवा से नई दिल्ली परिचालन प्रारंभ होगा। उन्होंने यात्री सुविधाओं और एयरपोर्ट विस्तार की संभावनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने एक वर्ष पूर्व इस एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था जिसके बाद विन्ध्य क्षेत्र में हवाई सुविधाओं में वृद्धि हुई व आर्थिक सुदृढ़ता आई। यह एयरपोर्ट केवल एक आधारभूत संरचना नहीं बल्कि विन्ध्य क्षेत्र के विकास को दिशा देने वाला माध्यम है। यह इस क्षेत्र की आर्थिक, पर्यटन और औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। कार्यक्रम में विधायक देवतालाब इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के निर्देशक रामजी अवस्थी सहित रीवा एयरपोर्ट के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मऊगंज जिले मे 66 वां पुलिस शहीद स्मृति दिवस परेड का किया गया आयोजन

मऊगंज। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के बगल मे स्थित अस्थाई परेड ग्राउंड मे पुलिस शहीद स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गयाउल्लेखनीय है कि लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में 21 अक्टूबर 1959 को भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में 10 जवान कर्तव्य पालन करते हुए शहीद हो गए थे, वहीं 7 जवान घायल हो गए। इस घटना के 23 दिनों बाद 13 नवंबर 1959 को चीनी सेना ने उन जवानों के शव भारत को वापस किये। पुलिस कर्मियों के बलिदान और देश के लिए किये गए योगदान को देखते हुए जनवरी 1960 से 21 अक्टूबर को हर साल पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। तब से प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को राज्य पुलिस बल एवं केन्द्रीय पुलिस बल द्वारा देशभर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों की स्मृति में ₹पुलिस स्मृति दिवस₹ मनाया जाता । कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप कुमार सोनी द्वारा देशभर मे विगत वर्ष कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए कुल 191 एवं मध्यप्रदेश के 11 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन कर उन्हें नमन किया गया। उन्होंने शहीदों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों ने देश और समाज की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर किये हम उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेंगे। पुलिस शहीद स्मृति परेड की कमांड प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री अमित विश्वकर्मा द्वारा की गई। पुलिस स्मृति परेड में शहीदों को सलामी पश्चात मार्च पास्ट किया गया । शहीद स्मारक पर शहीदो को याद करते हुये पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ चढाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मार्च पास्ट के बाद मउगंज जिले मे पदस्थ रहे अमर शहीद स्व. सउनि रामचरण गौतम की शहादत को याद किया गया एवं स्व. आर. अजय यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई एवं उनके परिवारजनो को साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनको नम आखो से याद किया गया। कार्यक्रम में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल , कलेक्टर श्री संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक ,अति. पु.अधी. श्री विक्रम सिह , एसडीओपी मउगंज श्री सचि सहित उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि , पत्रकार , शहीदो के परिवारजन उपस्थित रहे।

## तीन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार अन्य फरार

# सोहागी और रायपुर पुलिस ने 3 कारों में पकड़ी 7 लाख की कफ सिरफ

रीवा।



दीवाली के दिन रीवा पुलिस दो अलग-अलग कार्रवाई में नशीली कफ सिरप के कारोबारियों पर प्रहार करते हुए तीन कार सहित 7 लाख से अधिक की कफ सिरप जब्त की है। इसके साथ ही तीन आरोपियों को भी पुलिस ने दबोचा है। पहली कार्रवाई सोहनी में जबकि दो कार्रवाई रायपुर पुलिस ने की है। सोहागी पुलिस ने कार सहित्त एक आरोपी को सोहागी पहाड़ में नशीली कफ सिरप के साथ घर दबोचा तो वहीं रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने दीपावली की रात दो लग्जरी कार से 4 लाख से अधिक कीमत की अवैध नशीली सिरप जब्त की। रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने 2 करो की घेराबंदी कर 2314 शीशियां जब्त करते हुए 2 तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्कर सीधी जिले के है। जिनके कब्जे से 4 लाख 51 हजार 230 रुपए अधिक कीमत की नशीली सिरप की शीशियां बरामद की गई। दरअसल यह कार्रवाई रीवा जोन आईजी गौरव राजपूत और एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी उदित मिश्रा के नेतृत्व में रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी अतुल कुमार त्रिपाठी ने की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से प्राप्त हुई सूचना के आधार पर ग्राम बुढ़िया के समीप घेराबंदी कर दो कारों को पकड़ा गया। काले रंग की होण्डा कार से 1834 शीशी नशीली ऑनरेक्स कफ सिरप और सिल्वर रंग की वैगनआर कार से कार्टून की चार पेटियों में पैक 480 शीशी कफ सिरप बरामद कर उक्त दोनों कारों को जप्त कर मौके से ही दो तस्करों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी राहुल सिंह पिता राजकुमार सिंह 29 वर्ष नि. पावा थाना चुरहट सीधी एवं उत्कर्ष द्विवेदी पिता पन्नालाल द्विवेदी 29 वर्ष निवासी रकेला थाना रामपुर नैकिन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।2.65 लाख की 1120 शीशी नशीली कफ सिरपयूपी के प्रयागराज से कार से नशीली सिरप रीवा लाई जा रही थी, सोहागी पुलिस ने सोहागी पहाड़ में कार सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1120 शीशी नशीली सिरप जब्त की जिसकी अनुमानित कीमत 2.65 लाख रुपए है। पुलिस को तस्कर के पास एक कार मिली, जिसमें भारी मात्रा में लाखों कीमती नशीली कफ सिरप की खेप लोड मिली। बताया जा रहा है कि तस्कर द्वारा यह खेप उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से रीवा शहर लाई जा रही थी, तभी एमपी की सीमा में घुसते ही तस्कर सोहागी घाटी में जा पकड़ाया। सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि सोहागी पहाड़ में घेराबंदी कर यूपी से नशे की भारी भरकम खेप लेकर आ रहे एक तस्कर को पकड़ा गया है। मौके पर तस्कर के वाहन की ली गई तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में 1320 शीशली कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की शीशिया मिली है। सोहागी पुलिस ने इग्ग्रिश कार क्रमांक यूपी 70 जीएन 6094 से बुलबुल रैदास पिता भंवर रैदास 38 वर्ष निवासी छतहरा थाना लालापुर जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवई की जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है